## सिटी ब्रीफ

### बारिश से सुबह में ओपीडी में सन्नाटा दोपहर में बढ़े मरीज

**बरेली, अमृत विचार** : जिला अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को बारिश का असर दिखा। सुबह आठ से 11:30 बजे तक मरीजों की संख्या कम रही। दोपहर बाद मौसम साफ होने पर मरीजों की तादाद बढ़ गई। पर्चा काउंटर से डॉक्टर के कक्षों के बाहर मरीजों की भीड़ रही। काफी देर तक मरीजों को लाइन में लगना पड़ा। फिजिशियन डॉ. राहुल वाजपेयी ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते वायरल संक्रमण के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। सर्दी जुकाम, बुखार आदि के रोगी अधिक संख्या में पहुंचे। हालांकि, दोपहर दो बजे के बाद जो गंभीर मरीज पहुंचे, उन्हें इमरजेंसी में उपचार दिया गया।

### प्राथमिक स्कूल में बिजली गिरने से लिंटर में दरार, सहमे बच्चे

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में मंगलवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। लालपुर में प्राथमिक विद्यालय में तेज आवाज के साथ बिजली गिरने से बच्चे और शिक्षक सहम गए। लिंटर में दरार आ गई। अन्य स्कूलों में भी पेड़ गिरने और पानी भरने की दिक्कत हुई। तेज आंधी और बारिश के दौरान इज्जतनगर के लालपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय में बिजली गिरी। घटना के समय स्कूल में बच्चे और शिक्षक मौजूद थे। तेज आवाज से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्रधानाचार्य मीना गंगवार ने बताया कि बिजली गिरने से लिंटर में दरार आ गई। गनीमत रही कि किसी बच्चे या शिक्षक को चोट नहीं पहुंची।

### ई-लॉटरी से बीज वितरण के लिए किसानों का चयन

**बरेली, अमृत विचार** : विकास भवन सभागार में मंगलवार को वर्ष 2026-27 के लिए कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान और निशुल्क बीज वितरण के लिए ई-लॉटरी का आयोजन हुआ। पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय की अध्यक्षता में किसानों का चयन हुआ। इसके तहत ढैंचा, धान, अरहर, मूंग और उड़द के मिनीकिट वितरण के लिए लाभार्थियों के नाम तय किए गए। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान बिथरीचैनपुर के किसान कालीचरन सहित कई अन्य को उनके मोबाइल पर चयन की सूचना दी गई। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, वैज्ञानिक डॉ. आरएल सागर आदि मौजूद रहे।

### विधान परिषद विशेषाधिकार समिति 15 को पहुंचेगी बरेली

**बरेली, अमृत विचार** : विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति 15 मई को मुरादाबाद से बरेली पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के बाद 16 मई को समिति मंडल के चारों जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों की समीक्षा करेगी। बैठक समाप्त होने के बाद समिति शाम चार बजे लखनऊ रवाना होगी।



जल निगम कार्यालय रोड पर पेड़ गिरने से यातायात हुआ प्रभावित

**राधेश्याम एंक्लेव में कार पर गिरा पेड़**



आंधी-बारिश का बरेली जैसा प्रचंड रूप राज्य में और कहीं नजर नहीं आया। मौसम विभाग ने सबसे अधिक का गति का तूफान बरेली में ही दर्ज किया है, जहां हवाओं की रफ्तार 100 किमी प्रति घंटा आंकी गई। पिछले कई रिकॉर्ड टूट गए। विनाशकारी अंधड़ ने पूरा जनजीवन अस्तव्यस्त कर डाला। सैकड़ों की संख्या में पेड़, बिजली के खंभे, यूनीपोल धराशई हो गए। हरे-भरे कैंट इलाके में पेड़ों को भारी नुकसान हुआ है। बरेली में अधिकतम तापमान सामान्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस गिरावट के बाद 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम आंशिक भी गिरावट के बाद 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
● अमृत विचार

# तूफान का कहर, रात तक बिजली-पानी को तड़पा शहर

## शहर से देहात तक बिजली व्यवस्था ध्वस्त, कई जगहों पर लाइन के साथ पोल व यूनिपोल गिरे, थमा ट्रैफिक, लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बारिश के साथ आई तेज आंधी ने शहर से देहात तक जमकर तबाही मचाई। झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, मगर मुश्किलें भी झेलनी पड़ीं। सिविल लाइंस, चौकी चौराहा, मालियों की पुलिया और बदायूं रोड पर कई यूनिपोल और होर्डिंग ताश के पत्तों की तरह ढह गए। कई जगहों पर पेड़ उखड़ने के साथ लाइन के साथ पोल जमीन पर आ गए। अधिकांश इलाकों की बिजली गुल हो गई। पेयजल का संकट खड़ा हो गया। काफी देर तक ट्रैफिक थमा रहा। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। देर शाम तक ज्यादातर इलाके अंधेरे में डूबे रहे।

विकास भवन और शाहजहांपुर रोड पर चलती कारों पर विशालकाय पेड़ गिर गए, हालांकि कार चालक बाल-बाल बच गए। स्टेडियम के सामने पेड़ गिरने से कार चकनाचूर हो गई। एलन क्लब सब्जी मंडी के पास नगर निगम की दुकानों का छज्जा भरभरा कर गिर पड़ा। बरेली कॉलेज के पास निगम मार्केट की दीवार ढह गई। संजय नगर के होली चौराहे पर विशाल पीपल का पेड़ दो मकानों पर जा गिरा, जिससे घरों को काफी नुकसान पहुंचा। इधर, वन विभाग की टीमों ने सड़कों पर गिरे पेड़ों को काटकर हटाया। वहीं, बिजली विभाग के कर्मचारी टूटे हुए तारों और पोल को दुरुस्त करने में देर रात जुटे रहे। कई कॉलोनियों में घंटों तक बिजली और पानी का संकट बना रहा।

**चौकी चौराहा : झुक गया 20 साल पुराना बोर्ड :** चौकी चौराहे पर भी तेज हवाओं के झोंके से एक विशाल संकेत बोर्ड झुक गया। व्यस्त मार्ग होने के कारण चालकों और राहगीरों में दहशत फैल गई। सूचना पर निगम की टीम ने क्रेन की मदद से बोर्ड को हटवाया। विज्ञापन प्रभारी राजीव कुमार राठी ने बताया कि यह बोर्ड करीब 15-20 साल पुराना था, जिसका बेस कमजोर होने से यह झुक गया था।



चौकी चौराहे पर रतनदीप कंपलेक्स के बाहर रोड पर गिरताऊ यूनिपोल को नगर निगम की टीम ने क्रेन से हटवाया। ● अमृत विचार



काले बदरा उमड़े तो दिन में छाया अंधेरा



मंगलवार को हुई झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। ● अमृत विचार



नाले चोक होने के कारण सुभाष नगर पुलिया के नीचे जलभराव हो गया। आवाजाही में लोगों को दिक्कत हुई। ● अमृत विचार

### 15 से 20 घंटे बिजली गुल, इंवर्टर भी दे गए जवाब

**बरेली, अमृत विचार** : आंधी और बारिश ने जिले में बिजली व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। पूरे जिले में करीब 250 खंभे टूट गए। 12 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। 70 से अधिक स्थानों पर पेड़ लाइनों पर आ गिरे। शहर से देहात तक कई इलाकों में 15 से 20 घंटे बिजली गुल रही। सुबह 10.30 से एक बजे तक शहर के सभी 26 उपकेंद्रों की आपूर्ति पूरी तरह से ठप रही। शहर से लेकर देहात तक अलग-अलग सब स्टेशन के साढ़े पांच लाख से अधिक उपभोक्ता प्रभावित हुए। शहर के महानगर, डेलापीर, सनसिटी, हरूनगला, दुर्गानगर उपकेंद्र की 33 केवी लाइन के 20 से अधिक खंभे टूट गए। यहां क्षतिग्रस्त लाइन ठीक करने में बिजली निगम का स्टाफ देर रात तक लगा रहा। दोहना व बालीपुर ट्रांसमिशन से होने वाली विद्युत आपूर्ति देर रात तक नहीं सुचारू हो सकी थी। इस कारण शहर के पॉश इलाकों में लोगों को बिजली न आने के कारण परेशान होना पड़ा। सुबह 10.30 बजे से गायब बिजली देर रात तक न आने से लोगों के इंवर्टर भी जवाब दे गए। शहर में 33 केवी लाइन के 15 से 20 पोल और एलटी लाइन के 25 से 30 पोल गिर गए। पूरे दिन व देर रात तक मेंटीनेंस का कार्य जारी रहा।

### देर रात तक चला मरम्मत कार्य

शहर के हरुनगला, पवन विहार, इज्जतनगर, महानगर, सनसिटी, जगतपुर, दुर्गानगर उपकेंद्र की 33 केवी, 11 केवी लाइन ब्रेकडाउन होने के कारण इन उपकेंद्रों के सभी फीडर मंगलवार सुबह 10.30 से देर रात तक बंद रहे। किला, कैंट, सुभाष नगर, मढ़ीनाथ में वैकल्पिक व्यवस्था कर आपूर्ति बहाल की गई। मलूकपुर, जोगीनवादा, दुर्गानगर, जगतपुर, लोहिया विहार, शाहदाना, सदर कैंट में फॉल्ट हुए। स्टेडियम रोड, डेलापीर, मंडी समिति, आईवीआरआई, केके अस्पताल, इंद्रानगर, डीडीपुरम, आवास विकास, जानकीपुरम, एकता नगर, वीर सावरकरनगर, बन्नूवाल नगर, पवन विहार, हरुनगला समेत कई क्षेत्रों की बिजली 12 घंटे से अधिक गुल रही। वहीं, फॉल्ट सुधारने का कार्य देर रात तक जारी रहा।



जेल रोड पर राइफल क्लब के पास पेड़ के साथ पोल भी जमीन पर आ गया।

**यूनिपोल गिरने पर मंडलायुक्त ने दिए कार्रवाई के आदेश :** तेज आंधी के दौरान इसाइयों की पुलिया और पीलीभीत रोड पर दो यूनिपोल अचानक बीच सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद करीब दो से तीन घंटे तक दोनों यूनिपोल सड़क पर पड़े रहे। राहगीर व वाहन चालक जान जोखिम में डालकर निकलते रहे। जानकारी मिलने पर मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने कड़ा रुख अपनाते हुए नगर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने पूरे मामले की जांच कराई तो पता चला इन्हें लगाने वाली फर्म प्रकाश आर्ट को करीब दो महीने पहले ही नोटिस जारी कर यूनिपोल की मजबूती जांचने और कमजोर होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद फर्म ने कोई कदम नहीं उठाया। वहीं किला, पुराना शहर, नवादा शेखान, जोगी नवादा जैसे क्षेत्रों में नालियां चोक होने से गंदा पानी घरों व दुकानों में घुस गया।

**हरियाली पर संकट** | दो साल पहले लाल फाटक से रामगंगा पुल तक हजारों पेड़ों पर चली थी आरी, अब आगे के चौड़ीकरण से प्रकृति को नुकसान

# बरेली-मथुरा हाईवे पर हजारों पेड़ कटे, हालात अब रेगिस्तान जैसे





कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : विकास और विस्तार की आंधी रुहेलखंड से ब्रज तक किस तरह हरियाली पर बुरे प्रभाव डाल रही है, इस कड़वी सच्चाई को बरेली-मथुरा हाइवे चौड़ीकरण से बखूबी देखा-समझा जा सकता है।


प्राकृतिक संपदा पर पूरी रफ्तार से आरी तो चल रही है मगर उसकी भरपाई को प्लांटेशन के प्लान जमीन पर बेहद कमजोर दिख रहे हैं। चौड़ीकरण परियोजना में हजारों पेड़ों को बलि दी जा चुकी है। बरेली जिले में ही रामगंगा पुल से आगे चाड़पुर, कोनी, मकरंदपुर, भमोरा, सिरोही, रसूलपुर आदि ग्रामीण इलाकों से गुजरने वाली सड़क जो कभी घने और छायादार पेड़ों से ढकी रहती थी, वह वहां रेगिस्तान जैसे नजारे हैं।



बरेली-बदायू रोड से गायब हुई हरियाली। ● अमृत विचार

**● विशेषज्ञ बोले-इस तरह पेड़ों का कटान त्रासदी से कम नहीं**

विशेषज्ञों का कहना है कि हरियाली की भरपाई के बगैर इस तरह के प्रोजेक्टस किसी त्रासदी से कम नहीं साबित होंगे। दो साल पहले भी इसी मार्ग पर बदायूं रोड पर लाल फाटक से रामगंगा पुल के बीच सड़क चौड़ीकरण के लिए नौ हजार से अधिक पेड़ों कटान किया गया था। इसी तरह बरेली-पीलीभीत और बरेली-सीतापुर जैसे अन्य हाईवे प्रोजेक्ट्स में भी हजारों हरे-भरे पेड़ों का वजूद मिटाया जा चुका है। वैसे तो प्रशासन, वन विभाग मिलकर हर साल बेहिसाब प्लांटेशन के दावे करते हैं मगर मगर उस हिसाब से कहीं भी बड़े क्या, छोटे पेड़ भी नजर नहीं आ रहे। इसके दुष्प्रभाव भी नजर आने लगे हैं। सड़कों के किनारे केवल धूल के गुबार और भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। जिंदगी जैसे बिन छांव दौड़ने को मजबूर हो रही है।



बदायूं हाईवे पर चाढ़पुर गांव के पास रोड किनारे मेरी दुकान है, पहले इस सड़क से गुजरते समय धूप का अहसास नहीं होता था, लोग पेड़ के नीचे रुककर आराम करते थे। क्योंकि बरगद और पीपल के पुराने पेड़ों ने छांव की चादर रहती थी। अब विकास के नाम पर सब उजाड़ दिया गया। गर्मी इतनी बढ़ गई है कि सड़क पर खड़ा होना मुश्किल है।
**-संजीव** दुकानदार



शहर में चारों तरफ सड़क चौड़ीकरण की परियोजनाओं से सांसों पर संकट छाने वाला है। यह बात सही है कि सड़क चौड़ी होने से रास्ता आसान होगा, लेकिन इसकी कीमत बहुत भारी पड़ेगी। बदायूं हाईवे पर अब सफर करना तपती भट्टी में चलने जैसा है। पेड़ों की छांव राहत देती थी। प्रशासन को चाहिए सड़क बनाने के साथ-साथ तुरंत पौधों का प्लांटेशन करें।
**-भारत वर्मा**, नौकरी पेशा



किसी भी हाईवे प्रोजेक्ट में ग्रीनरी लॉस की भरपाई केवल नए पौधे लगाकर नहीं की जा सकती। एक पचास साल पुराने पेड़ की जगह दस छोटे पौधे उसका मुकाबला नहीं कर सकते। बरेली में जिस तरह लगातार हाईवे के लिए हजारों पेड़ काटे गए हैं, उससे ग्राउंड वाटर लेवल गिरेगा और ''हीट आइलैंड'' की समस्या पैदा होगी।
**-डा. जसपाल सिंह**, एसोसिएट प्रो. पर्यावरण विशेषज्ञ, बरेली कॉलेज

सड़क चौड़ीकरण एक अनिवार्य विकास प्रक्रिया है, जिसके लिए नियमानुसार वन विभाग से अनुमति लेकर पेड़ हटाए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर हम गंभीर हैं, बरेली-मथुरा फोरलेन की जद में आने वाले जो पेड़ काटे गए हैं उनके बदले निर्धारित स्थानों पर पौधारोपण का बजट जारी कर दिया गया है। जनता को जल्द ही बेहतर सड़क और स्वच्छ वातावरण दोनों मिलेंगे।
**-उत्कर्ष शुक्ला**, पीडी एनएचएआई, बदायूं डिवीजन

# कॉर्पोरेट लुक में दिखेगा निगम का नया सदन हॉल

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- **आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस खर्च होंगे डेढ़ करोड़**
- **हॉल में 100 लोगों के बैठने की होगी क्षमता**

**अमृत विचार :** शहर के नियोजित विकास और जनसमस्याओं पर चर्चा के लिए नगर निगम के बोर्ड सदस्यों को जल्द नया आधुनिक ठिकाना मिलने वाला है। नए निगम भवन में बोर्ड हॉल के आंतरिक विकास की कवायद तेज कर दी गई है। निगम ने इस परियोजना की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था को सौंपी है। मंगलवार को कार्यदायी संस्था के अभियंताओं ने मौका मुआयना कर निर्माण कार्य की रूपरेखा तैयार की। इस परियोजना पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

नए सदन हॉल को पूरी तरह हाईटेक बनाया जाएगा। जहां 100 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल सिस्टम, आरामदायक फर्नीचर और डिजिटल कनेक्टिविटी की सुविधा होगी। निरीक्षण के दौरान अभियंताओं ने दीवारों की फिनिशिंग, बैठने के लेआउट और तकनीकी फिटिंग्स के लिए बारीकी से खाका खींचा। आंतरिक साज-सज्जा और विकास के सभी कार्यों को दो महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में बोर्ड की बैठकें अस्थाई या पुराने हॉल में होती हैं, जहां जगह और आधुनिक संसाधनों की कमी महसूस की जाती रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बकाया मांगने पर चालक को पीटा

बरेली, अमृत विचार : करमपुर चौधरी के शानू ने इज्जतनगर पुलिस को बताया कि वह ट्रक चालक है। दो माह पहले उन्होंने फुरकान उर्फ लल्ला व इस्लाम खां के साथ ट्रक चलाया था। 14 हजार रुपये मेहनताना बकाया रह गया था। वह 10 मई को पैसे लेने आरोपियों के घर गए। वहां उसे बंधक बनाकर पीटा गया। महिलाओं ने भी मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर सभी वहां से निकल सके। पुलिस जांच कर रही है।

### बर्खास्त सिपाही ने प्रधान से रंगदारी मांगी

बरेली, अमृत विचार : भमोरा क्षेत्र के ग्राम लगुरा के प्रधान ने बर्खास्त सिपाही और उसके साथियों पर फर्जी मुकदमे में फंसाकर दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। प्रधान वीरेन्द्र ने कहा कि आरोपी महिलाओं के जरिए फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर समझौते के नाम पर रकम वसूलते हैं। 24 अप्रैल को गांव की एक महिला के माध्यम से उनके खिलाफ थाना भमोरा में गंभीर धाराओं और एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। वीरेन्द्र के अनुसार 11 मई की शाम आरोपी पक्ष के तीन लोग उनके पास पहुंचे और फोन पर अपने साथी से बात कराते हुए दो लाख रुपये देने का दबाव बनाया। उसे पीटा। धमकी दी। पीड़ित ने एसएसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### मनोसमर्पण ने पुलिस को किया सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक मयंक भारद्वाज, हेड कांस्टेबल अर्पित चतुर्वेदी एवं कांस्टेबल चेतन यादव ने नेपाल निवासी एक व्यक्ति के पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सराहनीय कार्य के लिए मनोसमर्पण मनोसामाजिक सेवा समिति ने पुलिस टीम को सम्मानित किया। अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने कहा कि सड़कों पर भटक रहे निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों की सेवा के लिए टीम मनोसमर्पण निरंतर प्रयासरत है। अम्बरीश शर्मा, हरेंद्र सिंह रानू, मुकुल कुमार एवं रंजीत मौर्य मौजूद रहे।

### मौलाना मामले की जांच में उलझी जीआरपी

बरेली, अमृत विचार : बिहार से बरेली उर्स में शामिल होने आए मौलाना तौसीफ रजा की ट्रेन से गिरकर मौत मामले में जीआरपी ने घटना स्थल का तीसरी बार निरीक्षण किया। पुलिस की जांच हत्या और हादसे में उलझी हुई है। बिहार के किशनगंज निवासी मौलाना की पत्नी तबस्सुम खातून ने ट्रेन में पति के साथ मारपीट कर धक्का देकर हत्या करने की जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने का था कि 26 अप्रैल को उनके पति उर्स ताज्जुशरिया में शामिल होकर रात 9:45 बजे योग नगरी ऋषिकेष ट्रेन से वापस आ रहे थे। ट्रेन में कई लोगों ने उनके पति के साथ मारपीट की।।

### बारादरी पुलिस ने स्मैक तस्कर को दबोचा

बरेली, अमृत विचार : बारादरी इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम सोमवार देर रात गश्त कर रही थी। सम्राट अशोक नगर वाली गली के पास एक व्यक्ति स्मैक बेचने की फिराक में है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को स्मैक के साथ दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुजीब निवासी सैलानी इनायतगंज बजरिया, थाना बारादरी बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

---

**पुल के आसपास बैरिकेडिंग व ट्रैफिक डायवर्जन से आवाजाही में दिक्कत, स्थानीय लोगों, एंबुलेंस और स्कूली वाहनों को सीमित राहत**

# चौपुला ओवरब्रिज पर मरम्मत शुरू, 45 दिन इधर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की लाइफलाइन माने जाने चौपुला पुल पर मंगलवार दोपहर से वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। पुल पर अगले 45 दिनों तक मरम्मत कार्य चलेगा। एनएचएआई की ओर से पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट व अन्य हिस्सों की मरम्मत कराई जाएगी। यातायात पुलिस ने सुभाषनगर समेत आसपास के मार्गों पर बैरिकेडिंग कर रूट डायवर्जन लागू कर दिया है। हालांकि, एंबुलेंस, स्कूली वाहन व स्थानीय निवासियों को सीमित आवाजाही की अनुमति दी गई है। फिलहाल, पहले दिन ही वाहन चालक परेशानी से जूझते नजर आए। गली-मोहल्लों में ट्रैफिक मुड़ने से जाम के हालात बने रहे। हादसे का भी डर बना रहा।



वाहनों का आवागमन रोकने के बाद चौपुला पुल पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ● अमृत विचार

बदायूं की ओर से आने वाले वाहनों को रामगंगा तिराहे से बुखारा मोड़ की ओर डायवर्ट किया गया है, जबकि नैनीताल और पीलीभीत से बदायूं जाने वाले वाहन बियावानी कोठी और बुखारा मोड़ होकर गुजरेंगे। दिल्ली और मुरादाबाद की ओर से आने वाली रोडवेज बसों को भी चौकी चौराहा और बुखारा मोड़ के रास्ते भेजा जाएगा। चौपुला चौराहे से गन्ना मिल और बदायूं रोड की ओर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और स्कूली वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। स्थानीय निवासियों और छोटे वाहन स्वामियों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

सुभाषनगर, करगैना व बीडीए कॉलोनी में रहने वाले लोग दोपहिया वाहनों से मढ़ीनाथ मंदिर, शांति विहार और मढ़ीनाथ पुल होते हुए सिटी स्टेशन की ओर आ-जा सकेंगे। करीब 15 वर्ष पुराने 800 मीटर लंबे इस पुल के 30 एक्सपेंशन ज्वाइंट खराब हो चुके हैं। कई स्थानों पर चार से पांच इंच तक गैप होने से वाहनों को तेज झटके लग रहे थे। मरम्मत कार्य के लिए शासन ने एनएचएआई बदायूं डिवीजन को 1.30 करोड़ रुपये जारी किए हैं। एनएचएआई बदायूं डिवीजन के पीडी उत्कर्ष शुक्ला का कहना है कि पुल के ऊपरी हिस्से की मरम्मत पहले ही पूरी की जा चुकी है, अब ज्वाइंट बदलने का काम शुरू किया गया है। विभाग ने 45 दिनों में पूरा कार्य समाप्त करने का लक्ष्य तय किया है। इस अवधि में काम पूरा कर लिया जाएगा।

### पुल बंद होने से स्कूली बच्चों की बढ़ी परेशानी

बरेली, अमृत विचार : चौपुला पुल बंद होने से सबसे ज्यादा असर स्कूल जाने वाले बच्चों पर पड़ रहा है। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने कहा कि पुल बंद होने के कारण बच्चों को लंबा और भीड़भाड़ वाला रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे वे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। चौपुला पुल बंद होने का दबाव सुभाष नगर और आसपास के मार्गों पर साफ दिखाई दे रहा है। स्कूल वाहन, ई-रिक्शा और निजी वाहन जाम में फंस रहे हैं। हरी शंकर ने प्रशासन से स्कूल समय में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने, अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और चौपुला पुल का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है।

## साइबर ठगी : युवक के खाते से 1.52 लाख उड़ाए

बरेली, अमृत विचार : बिथरी थाना चैनपुर क्षेत्र का युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। उसके दो बैंक के खातों से करीब 1.52 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

गांव भोजपुर रामनाथ निवासी मुस्तफा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 मई की शाम करीब 6:20 बजे उनके स्टेट बैंक रजऊ परसपुर शाखा के खाते से 99 हजार रुपये कट गए। इसके बाद यहीं की उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा के खाते से छह बार में 53,500 रुपये निकाल लिए गए। इसकी जानकारी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की।

---

# पूर्व चेयरमैन शहला के शौहर डॉ. ताहिर हिस्ट्रीशीटर घोषित

**कभी शिवपाल सिंह यादव तो कभी मंत्री संजय निषाद के करीबी रहे हैं शहला-ताहिर, समाजवादी पार्टी की सरकार में बोलती थी परिवार की तूती**

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

**अमृत विचार:** समाजवादी सरकार में लखनऊ-दिल्ली तक तगड़ा सियासी रसूख रखने वालीं पूर्व नवाबगंज चेयरमैन शहला ताहिर का शौहर डॉ. ताहिर हुसैन अपराधिक बैकग्राउंड के चलते हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिए गए हैं। लूट, हत्या के प्रयास, रंगदारी, बलवा, धोखाधड़ी, सरकारी कार्य में बाधा और एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में 14 मुकदमे दर्ज होने को लेकर ताहिर की बरेली पुलिस ने एचस खोल दी है। कई दशक से नगर पालिका, विधानसभा और लोकसभा की चुनावी राजनीति में सक्रिय शहला-ताहिर फैमिली कभी दिग्गज सपा नेता शिवपाल सिंह यादव तो अभी के कुछ साल में मंत्री संजय निषाद के करीब देखी जाती रही है।

बरेली में नवाबगंज क्षेत्र के दबंग चेहरों में शुमार डॉ. ताहिर अब हिस्ट्रीशीटर के रूप में थाने में हाजिरी लगाते नजर आएंगे और



पति डॉ. ताहिर के साथ पूर्व चेयरमैन शहला ताहिर (फाइल फोटो)

- ताहिर पर लूट, हत्या की कोशिश, बलवा जैसे 14 केस दर्ज
- एसएसपी की सख्ती पर एचएस सूची में शामिल हुआ नाम

लगातार पुलिस की निगाहों में रहेंगे। ताहिर पर हुई इस कार्रवाई से सियासी हलकों में हलचल तेज है। पेशेवर एवं खतरनाक अपराधी एवं माफिया के खिलाफ एसएसपी अनुराग आर्या की मुहिम का जिले में बड़ा असर देखा जा रहा है। कितने ही गुंडे-बदमाश या तो जिला बदर किए जा चुके हैं या पुलिस हिस्ट्रीशीटर घोषित कर ऐसे दागी चेहरों पर नजर रखने में जुटी है। इसी क्रम में डा. ताहिर जैसे दबंग चेहरे की एचएस खोले जाने की कार्रवाई ने लखनऊ तक सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। पुलिस अब ताहिर पर दर्ज मुकदमों की पुरानी फाइलें भी खंगाल रही है। कई मामलों में जांच की स्थिति और कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की गई है। एसएसपी के 'ऑपरेशन प्रहार' में इस साल जनवरी से अभी तक पेशेवर 168 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी हैं। सबकी ई-मॉनीटरिंग हो रही है और बीट सिपाही सब पर नजर रख रहे हैं।

### डॉ. ताहिर का शुरू से ही रहा विवादों से नाता

अपराधिक रिकार्ड की वजह से योगी-2 सरकार में हिस्ट्रीशीटर घोषित हुए डॉ. ताहिर का राजनैतिक विवादों से भी पुराना नाता रहा है। विरोधियों के खिलाफ आक्रामक रवैय्या अपनाने को लेकर कई बार नवाबगंज में बड़ी घामसान होती रही है। ताहिर के पारिवारिक माहौल पर भी विवाद का साया रहा है। एक समय ऐसा आया था, जब बरेली के फाइक एन्क्लेव में रहने वाली गुलनाज से बीवी नंबर-3 के रूप में शादी करने के बाद ताहिर का शहला ताहिर से विवाद हो गया था। तीसरी शादी से परेशान शहला ने ताहिर पर पति धर्म नहीं निभाने के आरोप लगाते हुए तलाक मांगा था। कानूनी लड़ाई के बाद उनके आपस में सुलह हो गई थी। शहला से पहले भी ताहिर की शादी हुई थी। पहली पत्नी से उनके रिश्ते बाद में टूट गए थे।

### इनसे पंगे में भाजपा नेता रविंद्र राठौर पर लगे 44 केस

डॉ. ताहिर की सियासी ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सपा सरकार में उनके राजनैतिक विरोधी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नवाबगंज के पूर्व पालिका चेयरमैन रविन्द्र राठौर पर दो-चार नहीं, बल्कि पुलिस ने एक साथ 44 मुकदमे ठोंक डाले थे। जवाहरलाल यादव उस समय नवाबगंज के इंस्पेक्टर थे, जिनकी सरकार में सीधी पैठ मानी जाती थी। इतने ज्यादा केस थोपे जाने से परेशान रविन्द्र राठौर परेशान होकर तब किसी को कुछ बताए बिना अज्ञातवास तक भी चले गए थे। भाजपा उस समय राजनैतिक दबाव में कार्रवाई का आरोप लगाते हुए सड़कों पर भी उतरी थी। समय बदलने के साथ नवाबगंज में कहानी अब उलटी दिखाई दे रही है। पिछले निकाय चुनाव में रविन्द्र राठौर की अनुज बधू प्रेमलता राठौर ने शहला ताहिर को शिकस्त दी थी। और अब शहला के शौहर डॉ. ताहिर लिखा-पढ़ी में हिस्ट्रीशीटर बन गए हैं।

### सरकार में बैक डोर एंट्री लेना भी फैमिली के काम न आया

बरेली, अमृत विचार : तेज तर्रार छवि के शहला-ताहिर राजनैतिक रूप से लंबे समय सपा में सक्रिय रहने के अलावा बहुजन समाज पार्टी, मौलाना तौकीर की इत्तहादे मिल्लत काउंसिल( आईएमसी), शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी( प्रसपा) से भी जुड़ा रहा है। 2022 में शहला ताहिर शिवपाल की पार्टी छोड़कर दलबली के साथ भाजपा सरकार में मंत्री संजय निशाद की निशाद पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि, बैकडोर से परिवार को सत्ता से जुड़ी पार्टी में एंट्री लेने के बाद भी ताहिर का काम नहीं बना और योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत पुलिस के निशाने पर आकर घोषित रूप से हिस्ट्रीशीटर बन गए हैं। ताहिर ने पत्नी शहला की तरह चुनावी राजनीति में खुद भी स्थापित होने को नवाबगंज पालिका से कई बार चेयरमैन चुनाव लड़ा मगर कामयाब नहीं रहे। महिला सीट होने पर शहला तीन बार लड़ीं और जीतकर चेयरमैन की कुर्सी हासिल की। चेयरमैन रहते पिछड़ी जाति प्रमाणपत्र फर्जी होने और अनियमितताओं के मामले में उनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई भी हुई थी। इसे लेकर वह हाईकोर्ट गई थीं और कार्रवाई पर स्टे हासिल किया था। शहला 2017 में तौकीर की पार्टी से नवाबगंज में विधानसभा चुनाव लीं मगर तीसरे स्थान पर रहीं थीं। 2019 में शहला-ताहिर ने बेटी शमन ताहिर को शिवपाल की प्रसपा से बरेली सीट से लोकसभा चुनाव लड़ाया था। मुकाबले में शमन की जमानत भी नहीं बचा पाई थीं। शहला-शमन के निशाद पार्टी में शामिल होने के बाद से पार्टी राजनीति में पहले ही तरह सक्रिय नजर नहीं आ रहा है। डॉ. ताहिर की हिस्ट्रीशीट खुलने से परिवार की चिंताएं जरूर बढ़ी हैं। पुलिस एक्शन को लेकर अमृत विचार ने डॉ.ताहिर व शहला से फोन पर बात करने का प्रयास किया मगर संपर्क नहीं हो सका।

---

## स्कूल में प्रिंसिपल ने छात्र के जबरन बाल काटे, आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्टेडियम रोड पर प्रतिष्ठित स्कूल का मामला
- परिवार बुधवार को प्रशासन से करेगा शिकायत

**अमृत विचार:** स्टेडियम रोड के पास स्थित एक संस्था के स्कूल में छात्र के बाल काटे जाने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। परिवार का आरोप है कि खुद प्रिंसिपल ने जबरन काटे, जिसकी वजह से बेटा तनाव में आ गया। अभिभावक बुधवार को मामले की शिकार पुलिस-प्रशासनिक अफसरों से कर कार्रवाई की मांग करेंगे।

मॉडल टाउन के रहने वाले मदन गोपाल भाटिया ने बताया कि उनका पुत्र भाटिया स्टेडियम रोड स्थित नामी स्कूल में 11 कक्षा का छात्र है। मंगलवार की सुबह बेटा स्कूल गया था। छुट्टी के बाद वह घर लौटा तो बहुत उदास और परेशान था। परिजनों ने परेशानी का कारण पूछा तो आपबीती सुनाई। घरवालों को उसने बताया कि क्लास में स्कूल की प्रिंसिपल ने आकर उससे कहा कि बाल क्यों बड़े है। मंगलवार होने के कारण छात्र ने धार्मिक आस्था का हवाला देते हुए अगले दिन बाल कटवाने की बात भी कही थी। आरोप है कि इसके बावजूद स्कूल प्रिंसिपल ने यश को अन्य छात्रों से पकड़वाकर जबरन उसके बाल काट दिए। जानकारी मिलने पर परिजनों में नाराजगी फैल गई। उनका कहना है कि छात्र की धार्मिक भावनाओं की अनदेखी की गई है। परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है। मदन गोपाल भाटिया ने बताया कि स्कूल में बेटे के साथ हुई घटना के बाद पूरा परिवार वह तनाव में है।

## जिम कांड : डॉक्टर की पत्नी ने बयां किए बेग बंधुओं के जुल्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित जिम में रेप और ब्लैकमेलिंग की शिकार हुई डॉक्टर की पत्नी के कोर्ट में बयान दर्ज कराए गए। पुलिस का कहना है कि पीड़िता ने एफआईआर का समर्थन करते हुए आपबीती सामने रखी। आरोपी जिम संचालक अकरम व आलिम बेग पहले से जेल में हैं। पुलिस उनके खिलाफ गैंगस्टर की तैयारी में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, बड़ा डाकखाना के पास स्थित अल्टीमेट फिटनेस जिम में शहर के एक डॉक्टर की पत्नी से दुष्कर्म किया गया था। जिम संचालक अकरम बेग ने उनकी प्री वर्कआउट ड्रिंक में नशीली



आरोपी अकरम व आलिम बेग।

- सिविल लाइंस की जिम में रेप-ब्लैकमेलिंग की शिकार हुई पीड़िता
- आरोपी अकरम और आलम बेग जेल में, पीड़िता के दर्ज हुए बयान

गोलियां मिलाईं और जिम के अंदर बने कमरे में घटना को अंजाम दिया।

वहां लगे सीसीटीवी कैमरे से पूरी घटना का वीडियो रिकार्ड कर उन्हें ब्लैकमेल करने लगे। इसमें अकरम के भाई आलम ने भी उसकी मदद की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस को दोनों के मोबाइल फोन में महिला के वीडियो मिले थे। अब मंगलवार को पीड़ित महिला ने कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए है।

सूत्रों के मुताबिक महिला ने अपने बयान में एफआईआर का समर्थन करते हुए आरोपों को सही बताया है। इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पाडेंय ने बताया कि महिला के बयान कोर्ट में दर्ज कराए गए है। पुलिस विवेचना कर रही है। जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। साथ ही पुलिस अफसरों का कहना है कि आगे इस मामले में गैंगस्टर की तैयारी है।

## जिला अस्पताल प्रकरण में नर्स व सहायक हटाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ठेले से महिला मरीज को ले जाने के मामले में सामने आई थी स्टाफ की लापरवाही

**अमृत विचार:** ठेले से महिला मरीज को ले जाने के मामले में शुरुआती जांच में लापरवाही सामने आने पर स्टाफ नर्स और वार्ड सहायक को इमरजेंसी वार्ड की डयूटी से हटाकर दूसरे वार्ड में भेजा गया है।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी के बाहर महिला मरीज को ठेले पर ले जाने के वायरल वीडियो के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर इमरजेंसी वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स और वार्ड सहायक को वहां से हटा दिया गया है।

इससे पहले संबंधित सिक्योरिटी गार्ड को भी हटाया जा चुका है। मंगलवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह और एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने सीएमओ कार्यालय में मरीज के इलाज से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। जांच टीम ने एडीएसआईसी डॉ. आरसी दीक्षित और डॉ. एलके सक्सेना से भी मरीज के भर्ती और उपचार संबंधी जानकारी ली। एडीएसआईसी डॉ. रमेश चन्द्र दीक्षित ने बताया कि जांच के आधार पर इमरजेंसी वार्ड में तैनात स्टाफ की लापरवाही सामने आने पर संबंधित स्टाफ नर्स और वार्ड सहायक को दूसरी जगह तैनात किया गया है। जांच रिपोर्ट जल्द जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

---

## पेमेंट पर रोक लगते ही अब ठेकेदार करा रहा रंग-रोगन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम के निर्माण विभाग की ओर से शहर के नालों के किनारे लगाई गई लोहे की रेलिंग में करप्शन की आहट पर नगरायुक्त ने ठेकेदार का पेमेंटा रोका तो नया खेल शुरू कर दिया गया। ठेकेदार ने कमियों को छिपाने के लिए रेलिंग पर रंग-रोगन शुरू करा दिया है।

बीते दिनों सैटेलाइट बस स्टैंड के पास खुले नाले में गिरकर ट्रक चालक तौहीद की मौत के बाद नगर निगम ने हादसों को रोकने के लिए शहर के कई गहरे और खुले नालों के किनारे रेलिंग लगाने का अभियान शुरू किया था। निर्माण विभाग ने विभिन्न इलाकों में करीब एक करोड़ रुपये खर्च कर रेलिंग लगवाई, जबकि कुछ स्थानों पर अभी भी काम जारी है। इसी बीच स्थानीय लोगों ने रेलिंग में पतली लोहे की पाइप इस्तेमाल होने, कमजोर वेल्डिंग और खराब फिटिंग की शिकायतें अधिकारियों तक पहुंचाईं तो नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को पूरे कार्य की तकनीकी जांच नहीं होने तक ठेकेदार का भुगतान नहीं करने के निर्देश दिए हैं।



रेलिंग पर किया गया पेंट।

## निगम वेबसाइट ठप, करदाता परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की वेबसाइट व टैक्स सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी गड़बड़ियों पर मंगलवार को पार्षद राजेश अग्रवाल ने करदाताओं के साथ मिलकर नगर आयुक्त को संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपा। आरोप है कि नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू हुए डेढ़ माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन निगम की वेबसाइट अब तक सुचारू रूप से काम नहीं कर रही है। हजारों करदाता अपना ऑनलाइन प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कर पा रहे हैं। दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

वेबसाइट बंद होने से जनता को समय पर टैक्स जमा करने पर मिलने वाली 10 प्रतिशत की छूट का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके अलावा म्यूटेशन की साइट भी कई वर्षों से ठप पड़ी है। यह भी मुद्दा उठाया कि निगम हर साल प्रॉपर्टी टैक्स का सॉफ्टवेयर बदल देता है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

ज्ञापन देने वालों में अरुण शर्मा, कैलाश शर्मा, नावेद बेग, बॉबी अग्रवाल, सचिन सिंह आदि शामिल रहे। चेतावनी दी कि जल्द सुधार नहीं हुआ आंदोलन तेज करेंगे। नगर आयुक्त ने तकनीकी टीम को वेबसाइट दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि निगम की बेवसाइट ठप होने से लोग लगातार चक्कर लगा रहे हैं।



नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते पार्षद राजेश अग्रवाल व करदाता। ● अमृत विचार

- पार्षद राजेश अग्रवाल ने करदाताओं के साथ नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन
- कहा-करदाताओं को छूट और ऑनलाइन सुविधा का नहीं मिल पा रहा लाभ

## लखनऊ में मौत से हार गई मढ़ीनाथ की मधु

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सुभाषनगर में पड़ोसियों के हमले मे घायल हुई मधु अस्पताल में मौत से हार गई। परिजनों ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं।

मृतक मधु (18) मढ़ीनाथ की रहने वाली थी। दिनेश ने बताया कि सात अप्रैल को बच्चों के बीच मामूली कहासुनी को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया था। पड़ोसी ने अपने भाई और पत्नी के साथ मिलकर मधु पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की मां पूनम ने बताया कि मधु चार भाई-बहनों में सबसे बड़ी थी और पढ़ाई कर रही थी। आरोप लगाया कि मारपीट का वीडियो वायरल होने के बावजूद भी पुलिस ने आरोपियों पर तुरंत कार्रवाई नहीं की।

वहीं, इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश नैन का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत है। आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा बढ़ाकर जेल भेज दिया गया है। अन्य दोषियों पर भी कार्रवाई होगी।



- बच्चों के विवाद में पड़ोसियों ने इतना पीटा कि युवती की चली गई जान

## शिक्षा माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की उठी मांग

बरेली, अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक और अनियमितताओं का मामला सीबीआई को सौंपने का स्वागत किया है।

अभाविप के प्रदेश मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि परिषद शुरू से ही पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रही थी। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों, नेटवर्क और दोषी व्यक्तियों की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि राष्ट्रीय परीक्षाओं में सक्रिय शिक्षा माफिया और भ्रष्ट तंत्र का पर्दाफाश हो सके।

उन्होंने कहा कि देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए और सभी दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जानी चाहिए।

## सिटी ब्रीफ

### एनआरएलएम कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत जिले में लगभग 45 कर्मी कार्यरत हैं। डिस्ट्रिक्ट मिशन मैनेजर, ब्लॉक मिशन मैनेजर व डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसे पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए तैनात इन कर्मियों को कंपनी बदलने के बाद तीन महीने से मानदेय नहीं मिला है। कर्मचारियों ने प्रशासन से जल्द बकाया मानदेय का भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

### विवि की स्पोर्ट्स कमेटी का पुनर्गठन

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद ने स्पोर्ट्स कमेटी का पुनर्गठन किया। सीएसआईटी विभाग के प्रो. एसएस बेदी को दोबारा क्रीड़ा सचिव बनाया। डॉ. संदीप कुमार को अपर क्रीड़ा सचिव, डॉ. विजय सिंहाल और डॉ. अजीत सिंह को सह क्रीड़ा सचिव, डॉ. इरम नईम व डॉ. इंद्रप्रीत कौर को सहायक क्रीड़ा सचिव, डॉ. नीरज कुमार को सचिव बनाया गया।

### प्रशिक्षण के लिए 21 तक करें आवेदन

बरेली, अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं और युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने ब्यूटी पार्लर और दर्जी ट्रेड का निशुल्क प्रशिक्षण शुरू किया है। जिले के 50 अभ्यर्थियों को ब्यूटी पार्लर और 25 अभ्यर्थियों को दर्जी ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित की गई है।

# को नहीं जानत है जग में कपि संकट मोचन नाम तिहारो

## दूसरे बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन कर की सुख-समृद्धि की कामना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ा बाग स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर परिवार की खुशहाली और मंगलकामना की प्रार्थना की।

मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कई स्थानों पर भक्तों ने भंडारे भंडारे आयोजित किए। वहीं मंदिरों में श्रद्धालुओं को बूंदी और हलवा-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया। दोपहर तक मंदिर परिसर जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा। दूसरे बड़े मंगल को लेकर श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। भारतीय सेना के धर्माचार्य एवं धर्मगुरु सूबेदार मेजर दुर्गेंद्र चतुर्वेदी ने विभिन्न शास्त्रीय रागों में सुंदरकांड का पाठ कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक पाठ एवं भजन-कीर्तन में सहभागिता कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तबले पर सचिन अग्निहोत्री ने संगत की। आयोजन में विनोद उपाध्याय, सुरेंद्र चतुर्वेदी, अनूप चतुर्वेदी, संगम चतुर्वेदी, रागिनी तिक्खा एवं कृष्ण मुरारी पाठक आदि मौजूद रहे।



सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को श्री हरि मंदिर में आरती करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

बरेली, अमृत विचार : श्री सनातन धर्म मंदिर, मॉडल टाउन में द्वितीय बड़ा मंगल बहुत ही भक्ति भावपूर्ण रूप से मनाया गया। मुख्य पुजारी राम नरेश मिश्रा ने बड़े मंगल का महत्व बताते हुए महाभारत में हनुमान जी वर्णन किया। इस मौके पर संगीतमय सुंदरकांड के पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान जी के भजनों पर भक्त भाव विभोर होकर झूमने लगे। इसके बाद आरती हुई एवं महाप्रसादी का वितरण हुआ। कार्यक्रम में राकेश नरूला, बृजमोहन कक्कड़, संजीव मुखर्जी, संजीव मानिकतला, तिलक राज दुसेजा, अजय अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### श्री हरि मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शाम को महिला मंडल द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन किया गया। रवि छाबड़ा, संजय आनंद, पंकज, सचिन सेठी और सौरभ ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और आरती हुई तथा भक्तों को भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि 26 मई से 1 जून तक प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से श्री हरि मंदिर में राष्ट्रीय संत गोविंद गिरी महाराज के सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा।

**टहल कमेटी ने सुंदरकांड व भंडारे का आयोजन किया:** बरेली, अमृत विचार: दूसरे बड़े मंगल को कंपनी बाग में टहल कमेटी की ओर से हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। अंत में सभी भक्तों के लिए कंपनी बाग में ही टहल कम्युनिटी के पदाधिकारी की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गिरधर गोपाल खंडेलवाल, राकेश खंडेलवाल, राजेश खंडेलवाल केके माहेश्वरी, जगदीश भाटिया आदि का सहयोग रहा।

### शरबत वितरण व भंडारे का हुआ आयोजन



बरेली, अमृत विचार : आनंद आश्रम में दूसरे बड़े मंगलवार पर हनुमान बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह 10:30 बजे से भक्तों को शर्बत वितरण के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को आनंद आश्रम परिवार की महिलाओं द्वारा भजन संकीर्तन किया गया। आनंद आश्रम समिति अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल विवेक अग्रवाल, शशि कांत मोदी, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, विवेक शरण, संगीता अग्रवाल, राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे।

## ताप बिजली घरों के निजीकरण का विरोध

बरेली, अमृत विचार : पनकी और जवाहरपुर ताप बिजली घरों के परिचालन और अनुरक्षण काम को 25 वर्षों के लिए निजी कंपनियों को सौंपने के फैसले के विरोध में बुधवार को प्रदेश भर के बिजली कर्मचारी काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। कार्यालय समय समाप्त होने के बाद विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी महेन्द्र राय ने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन और राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बावजूद ताप बिजली घरों के संचालन को निजी हाथों में देने की तैयारी की जा रही है। जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजली घर लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, इसके बावजूद निजीकरण प्रबंधन की मंशा पर सवाल खड़े करता है। संयोजक राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने कहा कि जवाहरपुर ताप बिजली घर करीब 14 हजार करोड़ रुपये और पनकी ताप बिजली घर लगभग 8 हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए हैं। जनता के धन से निर्मित इन परियोजनाओं को उनकी अनुमानित आयु अवधि के बराबर समय के लिए निजी क्षेत्र को सौंपना विश्वासघात है। संघर्ष समिति बरेली के संयोजक बिपुल शुक्ला ने बताया कि मार्च 2023 से आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई वापस लेने की मांग को लेकर जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

# चिकित्सा विद्यार्थियों को नए कानूनों की जानकारी होना बहुत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



फॉरेंसिक दिवस पर शैक्षणिक संगोष्ठी में शामिल विद्यार्थी। ● अमृत विचार

● आईएमए एमसीएन आरएमसीएच यूनिट ने की शैक्षणिक संगोष्ठी

अमृत विचार : आईएमए एमसीएन आरएमसीएच यूनिट द्वारा राष्ट्रीय फॉरेंसिक दिवस पर शैक्षणिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल विद्यार्थियों को फॉरेंसिक विज्ञान, न्यायिक प्रक्रिया तथा नए कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।

संगोष्ठी का मुख्य विषय पुराने कानून एवं नए कानून'' रहा। फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अग्निवेश ने पुराने एवं नए कानूनों के बीच अंतर को समझाते हुए बताया कि आधुनिक समय में फॉरेंसिक विज्ञान की भूमिका न्याय व्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण हो चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेडिको-लीगल मामलों में सतर्कता, पोस्टमार्टम रिपोर्ट की महत्ता, साक्ष्य संरक्षण एवं नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति भी प्रेरित किया। कहा कि आधुनिक समय में चिकित्सा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए नए कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रजनीश पठानिया, डीन, सलाहकार डॉ. सुजॉय मुखर्जी, डॉ. रश्मि कत्याल, डॉ. इरम शैफ़ाली, विशिष्ट अतिथि डॉ. शालिनी चंद्रा, विभागाध्यक्ष, फार्माकोलॉजी विभाग, डॉ. राकेश गुप्ता, विभागाध्यक्ष, एनाटॉमी विभाग, डॉ. कुलदीप ,प्रोफेसर, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी, डॉ. रूपज्योति, असिस्टेंट प्रोफेसर, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग उपस्थित रहे। डॉ. स्वर्णवो सेन, डॉ. शिवम त्रिवेदी, डॉ. पायल पांडे, देबाशीष चक्रवर्ती, जीत पटेल , यशिका गुप्ता ,आरोशी माहेश्वरी, अभिनव झांगड़ा, आयुष कुमार सिंह, देवांश शर्मा, अन्निर्बान दत्ता, हर्ष शुक्ला, हर्ष श्रीवास्तव एवं स्मर्निक पोद्दार का विशेष योगदान रहा।

## दो भाइयों की पूरी जमीन गई, तीसरे की कम, बना दिए गए समान चेक

बरेली, अमृत विचार : बरेली विकास प्राधिकरण ने सेक्टर आठ के लिए हरहरपुर गांव में जमीन खरीदी है। इस जमीन के मुआवजे में विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि दो भाइयों की पूरी जमीन चली गई, जबकि तीसरे भाई की केवल 15 बीसा भूमि ही अधिग्रहीत हुई। बावजूद तीनों के मुआवजे के चेक बराबर राशि के बना दिए गए।

मंगलवार को रामवीर और वीरपाल ने बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव से मुलाकात कर आपत्ति दर्ज कराई। दोनों भाइयों ने बताया कि उनकी पूरी हिस्सेदारी हस्तांतरित हो गई, जबकि तीसरे भाई जंडैल सिंह के हिस्से की कुछ ही जमीन ली गई है। ऐसे में समान भुगतान न्यायसंगत नहीं है। बीडीए सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एजेंटिक एआई व्यावसायिक गतिविधियों में नई क्रांति

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राउंड टेबल डिस्कशन में शामिल उद्यमी। ● अमृत विचार

● रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन की राउंड टेबल डिस्कशन में विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

अमृत विचार : ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन से संबद्ध रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन (आरएमए) की ओर से मार्केटिंग एवं ऑपरेशन्स में ''एजेंटिक एआई : ऑटोमेशन से ऑटोनॉमस एक्जीक्यूशन की ओर'' विषय पर मंगलवार को राउंड टेबल डिस्कशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग, शिक्षा एवं प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बदलती भूमिका और उसके व्यावसायिक उपयोगों पर विस्तृत चर्चा की।

आरएमए के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक दौर में उभरती तकनीक अपनाना समय की आवश्यकता बन गया है। एजेंटिक एआई पारंपरिक ऑटोमेशन से आगे बढ़कर ऐसे बुद्धिमान सिस्टम विकसित कर रहा है, जो स्वतः निर्णय लेने, कार्य निष्पादन, डेटा विश्लेषण और ग्राहक व्यवहार को समझने में सक्षम हैं। इससे व्यवसायिक रणनीतियां अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बन रही हैं। बीएल एग्रो के सीएमडी डॉ. घनश्याम खंडेलवाल ने कहा कि एजेंटिक एआई केवल तकनीकी बदलाव नहीं, बल्कि प्रबंधन प्रणाली में नई क्रांति का संकेत है। भविष्य में ऐसे एआई सिस्टम विकसित होंगे जो परिस्थितियों का विश्लेषण कर स्वयं निर्णय लेने और समस्याओं के समाधान खोजने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायिक कार्यप्रणाली अधिक तेज और सटीक बनेगी।

आईआईए के अध्यक्ष सीए दिनेश गोयल ने युवाओं और प्रबंधन पेशेवरों से नई तकनीक सीखने और नवाचार आधारित सोच विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक व्यावसायिक परिवेश में तकनीकी दक्षता ही सफलता की कुंजी बनेगी। ब्रिंदावन बेवरेजेस के उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि आज की दुनिया डेटा आधारित हो चुकी है और एजेंटिक एआई में उस डेटा को निर्णय और कार्रवाई में बदलने की क्षमता है। इसका उपयोग व्यापार, शिक्षा और प्रशासन में कार्यों को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बना सकता है। इंटरएक्टिव प्रारूप में आयोजित चर्चा के दौरान प्रतिभागियों ने एजेंटिक एआई के व्यावहारिक उपयोग, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट, वर्कफ्लो ऑप्टिमाइजेशन और बिजनेस इनोवेशन पर अपने विचार साझा किए। डॉ. स्वतंत्र कुमार, डॉ. हेमंत यादव और डॉ. नीरज सक्सेना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय कार्यकारी सचिव कादिर अहमद ने किया। आरके अग्रवाल, डॉ. एके राय, डॉ. स्वतंत्र कुमार, डॉ. नीरज सक्सेना, हेमंत यादव, केबी अग्रवाल और सुधीर महरोत्रा आदि उपस्थित रहे।

## सिटी डायरी

### ऑनलाइन सर्विस बुक को मान्यता पर बनी सहमति



बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने लेखाधिकारी को मांगों का ज्ञापन सौंपा । जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा लगातार चयन वेतनमान के आदेश जारी हो रहे हैं लेकिन 4 माह बाद भी शिक्षकों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मंत्री गिरजेश कुमार ने कहा कि ब्लॉकों से जल्द से जल्द सर्विस बुक मंगाई जाए जिससे शिक्षकों को इसी माह चयन वेतनमान का लाभ मिल सके। ऑनलाइन सर्विस बुक को मान्यता देने की मांग की गई। लेखाधिकारी ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने बालों में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गंगवार एवं गौरव गुप्ता, जिला संगठन मंत्री अतुल सिंह एवं हेमेंद्र , सुमित गंगवार, शेरगढ़ के मंत्री नफीस अहमद, जिला प्रवक्ता अरविंद कुमार, संगठन मंत्री अरुण , प्रदीप पुष्कर, राज प्रकाश , बबलू आदि शिक्षक रहे।

### कार्निवल में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की हस्तशिल्प की झलक



बरेली, अमृत विचार : शहर के हार्टमन कॉलेज रामलीला मैदान में सुमित कुमार गुप्ता की ओर से दूसरी बार आयोजित कश्मीरी वैली एवं जंगल बुक थीम आधारित समर कार्निवल का शुभारंभ एसपी सिटी मानुष पारीक ने किया। इस बार कार्निवल को और अधिक आकर्षक रूप दिया गया है। यहां कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की संस्कृति और हस्तशिल्प की झलक देखने को मिल रही है। खुर्जा की क्रॉकरी, सहारनपुर का फर्नीचर, भदोही के कार्पेट, राजस्थानी आचार, बनारसी साड़ियों सहित विभिन्न प्रकार के हैंडीक्राफ्ट स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मनोरंजन के लिए बॉम्बे सर्कस, जलपरी थीम, आसमानी झूला, ब्रेक डांस झूला, ड्रैगन ट्रेन व बच्चों के लिए कई आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में लोग कार्निवल में पहुंच रहे हैं।

### रोडवेज कल्याण कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष बने रामकुमार



बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश रोडवेज कल्याण कर्मचारी संघ का क्षेत्रीय चुनाव पुराने रोडवेज बस अड्डा परिसर में मंगलवार को हुआ। क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर एक बार फिर रामकुमार उपाध्याय ने जीत दर्ज की। वहीं क्षेत्रीय महामंत्री पद पर रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्भय चन्द्र गुप्ता व संगठन मंत्री पद पर राजेश शर्मा निर्वाचित हुए। इसके अलावा क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य पद पर मनीष मौर्य, सुषमा शर्मा, राजीव शर्मा, राजेश मौर्य और अवधेश शर्मा ने जीत हासिल की। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश अध्यक्ष डीके त्रिपाठी और उपाध्यक्ष दिनेश कुमार की देखरेख में हुई। चुनाव में लगभग 150 सदस्यों ने भाग लिया। रामकुमार उपाध्याय ने कहा कि संगठन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों को प्रदेश स्तर तक पहुंचाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# बरेली के शिवधामों को मिलेगी नई पहचान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पशुपतिनाथ मंदिर। ● अमृत विचार

● 60 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर हो रहा काम

अमृत विचार : अयोध्या, काशी मथुरा के बाद प्रदेश सरकार की नजर बरेली की प्राचीन नाथ परंपरा पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में 'नाथ कॉरिडोर' परियोजना के तहत बरेली के 10 प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों के विकास कार्यों को तेजी दी गई है। करीब 60 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस योजना का उद्देश्य धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ स्पिरिचुअल टूरिज्म को बढ़ावा देना है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार सरकार भगवान शिव और नाथ परंपरा से जुड़े प्राचीन स्थलों को एक सूत्र में पिरोकर धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देने में जुटी है। विकास भी, विरासत भी की थीम पर इन मंदिरों की पौराणिकता और आध्यात्मिक गरिमा को सुरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। नाथ कॉरिडोर के तहत सदर कैंट स्थित श्री धोपेश्वर नाथ मंदिर के विकास पर 7.74 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं जोगी नवादा स्थित वनखंडी नाथ मंदिर पर 5.82 करोड़, त्रिवटीनाथ मंदिर पर 6.55 करोड़ और तपेश्वर नाथ मंदिर पर 8.36 करोड़ रुपये की परियोजनाएं संचालित हैं। करीब 930 वर्ष पुराने अलखनाथ मंदिर के विकास पर 11.67 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां मुख्य द्वार, वैदिक लाइब्रेरी और श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा पीलीभीत बाइपास स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, तुलसी मठ और मढ़ीनाथ मंदिर को भी नाथ कॉरिडोर से जोड़ा गया है। सावन में आने वाले कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए 4 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यात्री शेड, विश्राम गृह, परिक्रमा मार्ग, एलईडी लाइटिंग, टॉयलेट ब्लॉक और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जा रहे हैं।

# डीएम बोले, लीलौर झील पर सुविधाएं जल्द पूरी हों

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● लीलौर झील के सौन्दर्यीकरण और पर्यटन विकास को लेकर बैठक आयोजित

अमृत विचार : लीलौर झील के सौन्दर्यकरण और पर्यटन विकास को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक में झील क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं तेजी से विकसित करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि लीलौर झील पर आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पर्यटन विभाग को कैफेटेरिया, मल्टीपरपज हाल के पास शौचालय निर्माण और अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित कराने के निर्देश दिए। बैठक में मत्स्य पट्टों के आवंटन, वन विभाग की भूमि पर वृक्षारोपण तथा झील क्षेत्र को आकर्षक बनाने के लिए यक्ष झील द्वार और रात्रिकालीन लाइटिंग की योजना पर भी चर्चा हुई। झील परिसर में पुलिस चौकी और हाईमास्ट लाइटें स्थापित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, एसडीएम आंवला विदुषी सिंह, आरईडी के अधिशासी अभियंता, मत्स्य अधिकारी, उद्यान अधिकारी, खनन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रासायनिक उर्वरकों को कहें न, जैविक खेती से बढ़ाएं पैदावार

बरेली, अमृत विचार : आंवला तहसील के ग्राम रफियाबाद स्थित सैनिक कृषि सेवा केंद्र पर 'प्रधानमंत्री प्रणाम किसान संगोष्ठी' का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम करने व गोबर खाद, हरी खाद (ढैंचा, सुनहेम्प) व नैनो यूरिया व डीएपी अपनाने पर जोर दिया गया। जीएनएफसी प्रतिनिधि संतोष पटेल की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि उमेश कुमार, सुमित अग्रवाल व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। संतोष पटेल ने बताया कि किसान आधुनिक खेती, पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय की तकनीकी जानकारी के लिए आईवीआरआई और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों से संपर्क कर सकते हैं।

# संगम एक्सप्रेस का लखनऊ स्टेशन पर नहीं होगा ठहराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● डेढ़ माह के ब्लॉक के चलते कई पैसेंजर ट्रेनें आलमनगर तक सीमित रहेंगी



अमृत विचार : लखनऊ स्टेशन पर आरएलडीए की तरफ से बनाए जा रहे कांकॉर्स के निर्माण के चलते 15 मई से 23 जून तक रेल संचालन प्रभावित रहेगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के अनुसार प्लेटफार्म संख्या-4 पर काम के लिए ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण कई पैसेंजर ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन किया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि शाहजहांपुर-लखनऊ पैसेंजर (54338) और बालामऊ-लखनऊ पैसेंजर (54332) आलमनगर स्टेशन पर ही समाप्त होंगी और आलमनगर स्टेशन से ही संचालित की जाएंगी। इसके अलावा बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस (14308) का मार्ग भी परिवर्तित किया गया है। यह ट्रेन अब आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया रेलखंड के रास्ते चलेगी। इस दौरान लखनऊ स्टेशन पर इसका ठहराव निरस्त रहेगा, जबकि आलमनगर और उतरेटिया स्टेशन पर यात्रियों को सुविधा दी जाएगी।

### टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल प्रभावित

बरेली, अमृत विचार : बरेली सिटी यार्ड में स्थित समपार संख्या 248-स्पेशल (श्मशान भूमि) पर एलएचएस निर्माण के चलते पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल ने टनकपुर-बरेली मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन में अस्थायी बदलाव किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन मेला स्पेशल 12 मई को इज्जतनगर स्टेशन पर ही यात्रा समाप्त करेगी। वहीं 05308 बरेली जंक्शन-टनकपुर मेला स्पेशल 13 मई को इज्जतनगर स्टेशन से संचालित की जाएगी। निर्माण पूरा होने तक यह व्यवस्था प्रभावी रहेगी।

### कासगंज-डोराई मार्ग पर बंद रहेगा रेलवे फाटक

बरेली, अमृत विचार : सोरों शूकर क्षेत्र और कासगंज सिटी स्टेशनों के बीच स्थित समपार संख्या 306-सी पर मरम्मत और सावधिक ओवर हालिंग काम के चलते कासगंज-डोराई मार्ग पर यातायात 14 घंटे बंद रहेगा। यह प्रतिबंध 13 मई को शाम 4 बजे से 14 मई की सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि किमी संख्या 416/10-11 पर स्थित इस समपार फाटक पर ट्रैक और सड़क सुरक्षा से जुड़े जरुरी काम कराए जाएंगे। जिससे रेल और सड़क यातायात को भविष्य में अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। यातायात बंद रहने के दौरान वाहन चालकों के लिए मामोन-दरौआपुर मार्ग को वैकल्पिक रास्ते के रूप में निर्धारित किया गया है। रेलवे प्रशासन ने लोगों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की है ताकि आवागमन में परेशानी कम हो सके।

सिटी ब्रीफ

### यूनिटी वीएच पावर जीता

बरेली, अमृत विचार : जीपी कॉर्पोरेट समर स्मैश टूर्नामेंट में मंगलवार को यूनिटी वीएच पावर ने 20 ओवर में 176 रन का स्कोर खड़ा किया। हेल्थ वेलनेस क्लब की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 165 रन बना सकी। यूनिटी वीएच पावर ने 11 रन से जीत दर्ज की।

### कुक्कुट पालन उद्यमिता विकास पर जोर

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में कुक्कुट पालन उद्यमिता विकास कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मुर्गी पालन, बटेर, टर्की, देसी फाउल, बतख पालन आदि की जानकारी दी।

# नीट परीक्षा रद होने से छात्रों में छाई निराशा, बोले-मेहनत हो गई बेकार

- प्रश्नपत्र लीक होने पर टूटता है परीक्षार्थियों का मनोबल
- इस तरह की बड़ी परीक्षाओं के लिए बेहतर व्यवस्था हो

बरेली, अमृत विचार : पेपर लीक के बाद नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) 2026 की परीक्षा रद होने पर छात्रों में निराशा है। उनका कहना है कि परीक्षा रद होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

### बार-बार पेपर लीक होना व्यवस्था पर सवाल



नीट का पेपर लीक होने पर ओमेगा नीट क्लासेज के डायरेक्टर मोहम्मद कलीमउद्दीन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा में बार-बार पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। बच्चे एक-एक नंबर के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन कुछ माफिया और सिस्टम की लापरवाही उनकी मेहनत को कुचल देती है। सरकार को केवल जांच का आश्वासन नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें बच्चों के भविष्य में खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा मिले।

### परीक्षा रद होना मेहनत करने वाले छात्रों के हक में

पीडब्ल्यू के अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि हम मेडिकल परीक्षा की पारदर्शिता और ईमानदारी बनाए रखने के लिए नीट 2026 को रद करने के एनटीए के फैसले का समर्थन करते हैं। हम समझते हैं कि इस फैसले से बड़ी संख्या में छात्रों को बहुत निराशा हुई है और हमें उनके प्रति पूरी सहानुभूति है, लेकिन यह कदम मेहनत करने वाले छात्रों के हक में है।

### प्रश्न पत्र लीक होना चिंताजनक


नीट आश्रम के मनोज शर्मा ने कहा कि परीक्षा निरस्त होने से सबसे अधिक उन अभ्यर्थियों को परेशानी होती है, जिनकी परीक्षा अच्छी होती है। नीट जैसी बड़ी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होना चिंताजनक है। सरकार को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



नीट पेपर लीक पर सीबीआई जांच के साथ ही परीक्षा रद करने के एनटीए व सरकार के फैसले का हम स्वागत करते हैं, लेकिन इस तरह के फैसलों से उन लाखों छात्रों का मनोबल टूटता है, जिन्होंने ईमानदारी से मेहनत की और ऊंचे रैंक की उम्मीद लगाए बैठे थे, अब पढ़ाई का जो रिदम था वह बिखर गया। उनके लिए अगली परीक्षा की शून्य से तैयारी शुरू करना मानसिक रूप से थकाऊ और उबाऊ होगा, ये गारंटी नहीं है कि आगामी परीक्षा में भी सब कुछ ठीक-ठाक रहेगा। **मुहम्मद ख़ालिद जीलानी**, कन्वीनर, पैरेंट्स फोरम



मैंने कड़ी मेहनत और लगन के साथ तैयारी की थी, परीक्षा के देने के बाद 600 से अधिक नंबर आने की संभावना थी, लेकिन परीक्षा निरस्त होने की खबर ने निराश कर दिया है। **- सानिया शेख**



पेपर लीक ने मेरी मेहनत को बेकार कर दिया। बीते साल की तुलना में इस वर्ष परीक्षा आसान थी, बेहतर तैयारी थी और परीक्षा भी अच्छी हुई थी, लेकिन परीक्षा निरस्त होने से मन बहुत विचलित है। **- मो. शान**

### पद्म श्री सम्मान के लिए मांगे नामों के प्रस्ताव

बरेली, अमृत विचार : आगामी गणतंत्र दिवस पर दिए जाने वाले देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मानों-पद्म विभूषण व पद्म श्री के लिए नामांकन प्रक्रिया हो गई है। डीएम ने जिले के सभी उप जिलाधिकारियों से ऐसे योग्य व्यक्तियों के नाम प्रस्तावित कर भेजने को कहा है। निर्देश में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों के नाम उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही संबंधित व्यक्तियों के व्यक्तित्व और कृतित्व से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी भेजनी होगी। सभी प्रस्ताव 20 जून तक उपलब्ध करा दिए जाएं, ताकि समय से शासन को संस्तुति भेजी जा सके।

# स्वास्थ्य प्रणाली में रीढ़ की हड्डी होती हैं नर्स

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कार्यक्रम में बोलीं डॉ. लता अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को कम्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस इन कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग लोकार्पण एवं एक्सपर्ट टॉक ऑन बेस्ट प्रैक्टिस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. लता अग्रवाल ने स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को अनुशासित एवं कौशल शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रोगियों की देखभाल आधुनिक तकनीक के द्वारा की जाती है। जिससे विद्यार्थियों को सीखने का अच्छा अनुभव मिलता है। आगे कहा कि नर्सेस स्वास्थ्य प्रणाली में रीढ़ की हड्डी का कार्य निभाती है। विशिष्ट अतिथि डा. रजनीश पठानिया ने कहा कि नर्स के अंदर सेवा भाव का होना जरूरी है।

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. राकेश कुमार तिवारी, बीआईयू कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के प्रधानाचार्य डा. पुष्पेन्द्र कनौजिया, बीआईयू कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के प्रधानाचार्य डा. सुनील कुमार सिंह, बीएमआईआईएल के सीईओ क्लॉउडियस लजारस, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान, नर्सिंग अधीक्षक पूनज आजाद मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर डा. वेल्लादुरई नारायनन आकांश एलेक्जेंडर, दिनेश सिंह, वैभव सिंह, संचालन आकांक्षा ईमानुएल शिखा सिंह, अंजली भान असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा किया गया। अगले चरण में पैनल डिस्कशन में प्रधानाचार्य डा. प्रियंका ए मसीह, उप प्रधानाचार्य डा. अनीता पी, प्रोफेसर डा. वेल्लादुरई नारायनन, प्रिन्सिया रोलिटा डी सूजा, एसोसिएट प्रोफेसर आकांक्षा ईमानुएल, असिस्टेंट प्रोफेसर चन्द्रप्रभा जोशी ने विचार- विमर्श किया। सभी मेधावी छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

- मेधावी छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्मानित किया



संबोधित करतीं डॉ. लता अग्रवाल।



सेवा भावना पर कार्यक्रम करतीं नर्सिंग छात्राएं। ● अमृत विचार

### सशक्त नर्स ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकती है : डॉ. केशव

- केशलता कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन

बरेली, अमृत विचार : केशलता कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर मंगलवार को प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य- सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं, रही। इसके माध्यम से नर्सों की सशक्त भूमिका एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज के चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं तथा एक सशक्त नर्स ही समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकती है। नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. प्रतिभा मनोहरम बी ने नर्सिंग पेशे की महत्ता एवं थीम के संदेश पर प्रकाश डाला। वाइस प्रिंसिपल डॉ. अनीता गॉटलीब ने नर्सों की सेवा भावना, समर्पण एवं मानवता के प्रति उनके योगदान की सराहना की। कॉलेज के वाइस प्रेसिडेंट गोपाल अग्रवाल, सचिव डॉ. लता अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में फार्मेसी प्रिंसिपल डॉ. पंकज मिश्रा, प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र खंडेलवाल एवं सुनील कुमार मौजूद रहे। समन्वयन दीपाली एवं याशी तिवारी द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य डॉ. अरविंद जांगिड़, डॉ. नितिन सहाय, डॉ. निशा, अनुप्रिया एस. लाल, झेलिक समथा, हिमांशु पाल, नीतू देओपा सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण, पोस्टर प्रदर्शन एवं नर्सिंग सेवा से संबंधित प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के योगदान पर डाला प्रकाश

बरेली, अमृत विचार : ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। आरंभ प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा, उपनिदेशक अखिलेन्द्र सिंह तथा डॉ मनोज कुमार ने किया। हमारी नर्सें, हमारा भविष्य : सशक्त नर्सें बचाती हैं जीवन थीम पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने नर्सों की भूमिका और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पोस्टर मेकिंग के माध्यम से नर्सिंग पेशे के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम में डॉ अनीता चौहान सहित महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### देश- विदेश के विशेषज्ञों ने शैक्षणिक संगोष्ठी में दिए व्याख्यान

बरेली, अमृत विचार : कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग एक्सपर्ट टॉक ऑन बेस्ट प्रैक्टिसिस विषय पर संगोष्ठी में देश- विदेश के विशेषज्ञों ने सहभागिता की। एसोसिएट प्रोफेसर प्रिन्सिया रोलिटा डी सूजा ने संस्थान की उपलब्धियों, शैक्षणिक दृष्टिकोण और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डा. सुशील कुमार ठाकुर, रजिस्ट्रार बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी मौजूद रहे। शुरुआती सत्र में स्टेट लीड हेल्थ सिस्टम एंड स्टेट प्रोग्राम मैनेजर, डा. संजय त्रिपाठी, स्टेट प्रोग्राम अधिकारी डा. मोनिका रीटा हेंड्रिक्स ने स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने, सरकारी योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन और सामुदायिक स्तर पर नर्सिंग की भूमिका पर चर्चा की। कम्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस सत्र में ओशिन मसीह ने कम्युनिटी ऑफ प्रैक्टिस के लाभों और इसके उपयोग पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्पीकर्स के तौर पर डा. मेहव खानम, लेक्चरार आरएके मेडिकल एंड हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी, आरएएस एआई खैमा यूएई, कर्नाटक बैंगलौर के एसटी जॉन कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रोफेसर ओचएचडी दीपा एस नायर, प्रोफेसर कुमार दिवाकरन, डा. गीता परवंदा, प्रोफेसर शैन्ड्रिला ज्ञानदीबम ने व्याख्यान दिए।

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों का सम्मान

- उत्कृष्ट सेवाओं, जांचों में विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार दिए

बरेली, अमृत विचार: जिला अस्पताल, महिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी और पीएचसी पर मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को सम्मानित किया गया। फरीदपुर सीएचसी में मुख्य अतिथि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम ने बेहतर कार्य करने वाली नर्सों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में कार्यक्रम का आरंभ सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह और डॉ. प्रशांत रंजन ने किया। स्टाफ नर्स सरिता कुमारी, मनमोहन सिंह और अंशिका सक्सेना को उत्कृष्ट सेवाओं, प्रसव पूर्व जांच और गैर-संचारी रोगों की जांच में विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किए गए।

### रुविवि : सम सेमेस्टर व बैक परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ी



- 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 14 तक जमा होंगे आवेदन

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर एवं बैक परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार अब छात्र-छात्राएं विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ 14 मई तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक एलएलबी (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय), एलएलएम, बीबीए, बीसीए, बीलिब, एमलिब, एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए, बीकॉम (वित्त एवं वित्तीय सेवा), बीएससी कृषि, बीएससी कृषि ऑनर्स एवं एमएससी कृषि सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर, मुख्य, भूतपूर्व और बैक परीक्षा फॉर्म की तिथि विस्तारित की गई है। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 12 मई से दोबारा उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभ्यर्थी 14 मई तक परीक्षा शुल्क जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। वहीं, महाविद्यालयों की ओर से ऑनलाइन आवेदन पत्रों के अनुमोदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र mjpru.samarth.edu.in पर उपलब्ध होंगे। बैक परीक्षा एवं अन्य सेमेस्टरों के आवेदन पत्र www.mjpru.ac.in व mjpruiums.in पर भरे जाएंगे। वहीं, स्नानकोत्तर स्तर पर एमए, एमकॉम, एमएससी के पाठ्यक्रमों के संस्थागत और बैंक परीक्षा फॉर्म 14 मई से उपलब्ध होंगे। परीक्षा फार्म भरे जाने एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 मई व महाविद्यालय की ओर से परीक्षा फार्म अनुमोदन करने की अंतिम तिथि 22 मई निर्धारित की गई है।

# रिंग रोड के लिए अधिग्रहीत भूमि से अधिक पर कब्जे का आरोप

- डीएम से निर्माण रोकने और भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : फरीदपुर के ग्राम पीतमपुर मजरा रजऊ परसपुर के ग्रामीणों ने रिंग रोड निर्माण में अधिग्रहीत भूमि से अधिक जमीन कब्जाने का आरोप लगाया। मंगलवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अतिरिक्त भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि इन्वर्टिस चौराहे से झुमका चौराहे तक प्रस्तावित रिंग रोड के लिए निर्धारित सीमा से अधिक भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीण दो बार जिलाधिकारी और विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी से मिल चुके हैं। एनएचएआई अधिकारियों और लेखपाल द्वारा पैमाइश भी की गई, लेकिन उसकी रिपोर्ट ग्रामीणों को उपलब्ध नहीं कराई गई और न ही आपत्तियों का समाधान किया गया। आरोप लगाया कि विरोध के बावजूद एनएचएआई कर्मचारी रात में जबरन निर्माण कार्य कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने अतिरिक्त कब्जाई जा रही भूमि की दोबारा पैमाइश कराने, वर्तमान सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा दिलाने और भुगतान होने तक निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। जितेंद्र, राधेश्याम, जितेंद्र पाल, सोमपाल, राकेश कुमार समेत कई ग्रामीणों मौजूद रहे।

### जनगणना ड्यूटी को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : जनगणना ड्यूटी की विसंगतियों के संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष शिवस्वरूप शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को एडीएम एफआर संतोष बहादुर से मिलने पहुंचा। एडीएम की अनुपस्थिति में उनके पेशकार को ज्ञापन दिया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रगणकों को दो-दो और सुपरवाइजरों को 10 से 12 ब्लॉक आवंटित कर दिए गए हैं, जो असंभव है। एक प्रगणक को एक ही ब्लॉक दिया जाए और सुपरवाइजरों के पास 8 से अधिक ब्लॉक न हों। नामांकन कार्य और अन्य व्यस्तताओं के चलते स्व-गणना के लिए दबाव न बनाने की अपील की गई।

# एसबीआई कर्मियों ने काला मास्क लगा जताया विरोध

- भर्ती, पेंशन और आउटसोर्सिंग समेत कई मांगों को लेकर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को स्टेट बैंक कर्मचारियों ने लंबित मांगों के समर्थन में काला मास्क लगाकर विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों के मास्क पर संदेश वाहकों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती तथा निजीकरण पर रोक लगाने संबंधी स्लोगन लिखे गए थे। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी लंबे समय से लंबित न्यायोचित मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन के उप महामंत्री नवींद्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं, लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि 13 मई को फेडरेशन का राष्ट्रीय नेतृत्व दिल्ली में संसद के समक्ष ज्ञापन सौंपेगा। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 25 और 26 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाएंगे। पूजा कौशल, महेंद्र यादव, विकास कुमार, अजय वीर, मारूफ अली, दीप्ति पांडे, अनुकृति, प्रतिभा, निधि मिश्रा, सत्यार्थ, टॉमिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### रामजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ नर्स का दिया पुरस्कार



बरेली, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें आईएमएस के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी वार्ड की स्टाफ नर्स रामजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ नर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीईटीआर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में नर्सिंग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नर्सिंग पेशे के महत्व व मरीजों की देखभाल में नर्सों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. मुथ्थु माहेश्वरी, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### मरीजों की सेवा में नर्सों की भूमिका अतुलनीय : डॉ. रवि




बरेली, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर आरके इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मंगलवार को प्राचार्य डा. शिव शंकर त्यागी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डा. रवि मेहरा ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं। मरीजों की देखभाल में उनकी भूमिका अतुलनीय है। विशिष्ट अतिथि डॉ. केके त्यागी ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था में प्रशिक्षित नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डॉ. शिव राज सिंह त्यागी ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का पालन करने का संदेश दिया। नर्सिंग विद्यार्थियों के लिए भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रोहित सिंह, मुकेश, रजनी, नीतू, समीक्षा, मंथन, दीपशिखा, डॉली शीतल, ज्योति, रविंद्र, जयवीर, सुमन, हिमांशु आदि उपस्थित रहे।

### एशियन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज डे मनाया



बरेली, अमृत विचार : एशियन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल को श्रद्धापूर्वक याद किया। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या सुनैना स्पेंसर ने कहा कि नर्सिंग केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रबंधक चमन लाल शर्मा, स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

### विश्वविद्यालय की पावर लिफ्टिंग टीम का चयन

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन बरेली कॉलेज की व्यायामशाला में किया गया। उद्घाटन बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने किया। महिला वर्ग में बरेली कॉलेज, अंवतीबाई महिला राजकीय महाविद्यालय, आरएमएल राजकीय महाविद्यालय आंवला, गिद्दो देवी महिला महाविद्यालय बदायूं की टीम ने और पुरुष वर्ग में केवल बरेली कॉलेज की टीम ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय की ओर से नामित विशेषज्ञ प्रणय ने ट्रायल कराकर टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया। आयोजन सचिव विवेक डागर ने बताया कि अखिल भारतीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 3 जून से 8 जून तक हिंदुस्तान विश्वविद्यालय चेन्नई में किया जाएगा। निर्णायक मंडल में अरविंद गौतम, शेखर शर्मा, अनुराग, मनीष कुमार रहे। इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान, डॉ. अमित चिकारा, डॉ. नरेंद्र मलिक, डॉ. महमूद हसन, डॉ. महेश जोशी, टीम मैनेजर डॉ. विचित्र कुमार, श्री मनीष कुमार, प्रो. अनुभूति सिंह आदि मौजूद रहे।

### सऊदी अरब में नौकरी का मौका, 91 पदों पर होगी भर्ती

बरेली, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के सेवायोजन विभाग ने सऊदी अरब में विभिन्न तकनीकी पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंडल सेवायोजन कार्यालय के अनुसार कुल 91 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया विभाग के पोर्टल के माध्यम से शुरू कर दी गई है। मैकेनिकल टेक्नीशियन, फैब्रीकेशन फोरमैन, मैकेनिकल फिटर, स्ट्रक्चरल फैब्रीकेटर, फैब्रीकेशन सुपरवाइजर, मैकेनिकल हेल्पर, सीएस वेल्डर्स, पाइप फैब्रीकेटर जैसे तकनीकी पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को अनुभव और पद के अनुसार आकर्षक वेतन दिया जाएगा। सेवायोजन विभाग के अनुसार फैब्रीकेशन सुपरवाइजर पद पर चयनित अभ्यर्थियों को करीब 99,188 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा, जबकि अन्य पदों पर 29 से 62 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन निर्धारित किया गया है। भर्ती के लिए आयु सीमा 24 से 48 वर्ष तय की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर 155330 या सेवायोजन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कॉलेज में रार | कॉमर्स और भूगोल के शिक्षक का मामला पहुंचा प्राचार्य के पास, शिक्षक संघ भी आया सामने

# शिक्षकों में परीक्षा ड्यूटी को लेकर विवाद ने पकड़ा तूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। सोमवार को तृतीय पाली में परीक्षा कक्ष में ड्यूटी को लेकर दो शिक्षक आमने-सामने आ गए। कंट्रोल रूम में कहासुनी होने पर वहां मौजूद शिक्षकों ने दोनों शिक्षकों के बीच-बचाव किया। मंगलवार को कॉमर्स के शिक्षक डॉ. आलोक कुनाल ने प्राचार्य को लिखित में शिकायत की। मामला प्रचार्य के सामने भी पहुंचा।

बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा के दौरान ड्यूटी को लेकर कॉमर्स के शिक्षक डॉ. आलोक कुनाल और भूगोल के शिक्षक डॉ. सीताराम के बीच कहासुनी हो गई थी। आलोक कुनाल ने मंगलवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि डॉ. सीताराम ने उनके साथ अभ्रद भाषा का प्रयोग किया। उनके पक्ष में शिक्षक संघ भी प्राचार्य से मिलने पहुंचा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने आश्वासन दिया कि जांच कराकर मामले में कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भूगोल के शिक्षक डॉ. सीताराम भी प्राचार्य के पास अपना पक्ष रखने पहुंचे थे।

**तीनों पालियों में की भूगोल के शिक्षक ने ड्यूटी :** भूगोल के शिक्षक डॉ. सीताराम ने बताया कि उनकी सोमवार को तीनों पालियों में ड्यूटी लगी थी। तीसरी पाली में मेरी ड्यूटी कॉमर्स के शिक्षक डॉ. आलोक कुनाल के साथ लगी थी। पूरी परीक्षा के दौरान डॉ. आलोक परीक्षा कक्ष में नहीं रहे। कॉपियों को जमा करते समए कंट्रोल रूम में डॉ. आलोक से परीक्षा कक्ष से बिना सूचना चले जाने का कारण पूछने पर वह भड़क गए।



प्राचार्य के सामने अपना पक्ष रखते शिक्षक। ● अमृत विचार

### परीक्षा कक्षों में ड्यूटी का कोई सिस्टम नहीं

शिक्षक संघ ने प्राचार्य को बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में कॉलेज प्रोफेसरों की ड्यूटी में कोई भी नियम का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। नियम बना कर परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए जिससे परीक्षा के दौरान आ रही दिक्कतों का सामना नहीं करना पडेगा।

### पहली पाली में लगातार अनुपस्थित हो रहे शिक्षक

बरेली कॉलेज में विश्वविद्यालय की पहली पाली में परीक्षा के दौरान लगातार ड्यूटी से शिक्षक अनुपस्थित हो रहे हैं जिसके कारण कक्षों में शिक्षकों की लगातार कमी होने हो रही है। सोमवार को पहली पाली की परीक्षा के दौरान 40 से अधिक और मंगलवार को पहली पाली में 30 शिक्षक परीक्षा ड्यूटी से नदारद रहे। कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण ये लापरवाही हो रही है।